राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र. दिल्ली सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, दिल्ली सचिवालय
9वां तल–ए विंग, आई पी एस्टेट, नई दिल्ली

F. No. स्वा.एव.प.क.वि./ प्र0शा0 / 2021/ 1004 दिनांक:- 31/12/2021

सेवा में

उप–सचिव, (प्रश्न शाखा)
दिल्ली विधानसभा सचिवालय,
पुराना सचिवालय, दिल्ली -110054

**विषय: विधान सभा सत्र दिनांक 03.01.2022 में माननीय विधायक श्री अब्दुल रहमान द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या –20 का उत्तर ।**

**(अतारांकित प्रश्न संख्या – 20)**

महोदय,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से सम्बंधित उत्तर की 100 प्रतियां अग्रिम कार्रवाई हेतु संलग्न है ।

यह सक्षम अधिकारी की पूर्व स्वीकृति से जारी किया गया है ।

(आर0पी0एस0 मोखा)
उपसचिव (प्रश्न षाखा)

संलग्न –उपरोक्त

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार
9वां तल–ए विंग, आई पी एस्टेट, नई दिल्ली

| | | |
|---|---|---|
| तारांकित/अतारांकित | : | अतारांकित |
| प्रश्न संख्या | : | 20 |
| दिनांक | : | 03.01.2022 |
| प्रश्नकर्त्ता का नाम | : | श्री अब्दुल रहमान |

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः–

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| क) | क्या ये सत्य है कि सीलमपुर विधानसभा में स्थित जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में वेंटिलेटर, आईसीयू तथा अल्ट्रासाउंड इत्यादि सामान्य सुविधाओं का अभाव है; और | जग प्रवेश चन्द्र अस्पताल, सीलमपुर विधानसभा में स्थित एक मात्र जिला अस्पताल है । यहां 200 बिस्तरों की व्यवस्था है । मैडिकल गैस पाईप लाईन न होने के कारण यहां वेंटिलेटर की सुविधा अब तक नहीं थी । जग प्रवेश चन्द्र अस्पताल में यूएसजी मशीन उपलब्ध है । हालांकि, 2016 से इस अस्पताल में कोई विशेषज्ञ रेडियोलॉजी तैनात नहीं है । अस्पताल नियमित आधार पर सीनियर रेजिडेंटस रेडियोलॉजी के पद के लिए साक्षात्कार आयोजित कर रहा है, हालांकि, उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए उपस्थित नहीं हो रहे हैं । |
| ख) | यदि हां, तो इस अस्पताल को कब तक बड़ा व आधुनिक सुविधाओं से लैस कर दिया जाएगा? | अस्पताल में मेडिकल गैस पाईप लाईन का काम पूरा कर लिया गया है और प्रयाप्त वेंटिलेटर की व्यवस्था भी कर ली गई है । जल्द ही यहां आई.सी.यू. तथा एन.आई.सी.यू. पूरी तरह से चालू कर दिया जाएगा । |

मनीषा
31.12.2021

(मनीषा सक्सैना)
प्रधान सचिव
स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण विभाग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

MANISHA SAXENA
Pr. Secretary
Health & Family Welfare Deptt.
Govt. of NCT of Delhi
Delhi Secretariat, New Delhi-02